# आपस में टकराई दो स्कूल बसें, चालक समेत दस छात्र घायल

**संवाददाता–गोण्डा।** शुक्रवार को सुबह दो स्कूल बसों की टक्कर में एक बस चालक समेत करीब एक दर्जन छात्र छात्राएं घायल हो गए। बच्चों की चीख–पुकार सुन मौके पर पहुंचे लोगों ने बच्चों को बस से निकाल कर निजी चिकित्सक के यहां पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही बदहवास अभिभावकों ने मौके पर पहुंचकर अपने बच्चों की कुशलक्षेम जाना । पुलिस व परिवहन अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर दोनों गाड़ियों को कब्जे में लिया। परिवहन व पुलिस दोनों विभाग मामले की जांच में जुटे हुए हैं। कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के लखनऊ हाइवे पर नकहा बसंत मोड़ पर शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे शहर के प्रतिष्ठित दो स्कूल बसों में भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में चालक समेत दस छात्र घायल हुए हैं। दोनों बसें आपस में टकराने के बाद एक बस डिवाइडर पर चढ़ गई, जिससे खाई में पलटने से बच गईं और बड़ा हादसा होने से टल गया। बताया जाता है कि एक स्कूल के छात्रों को निजी लग्जरी बस से ले जाया जा रहा था, यह बस एक चीनी मिल से वहां के कर्मचारियों के बच्चों को लेकर आ रही थी, जिसमें 50 छात्र सवार थे। वहीं शहर के एक स्कूल की बस नकहा बसंत गांव से करीब 35 बच्चों को लेकर हाइवे पर मुड़ रही थी कि तभी चीनी मिल की ओर से आ रही बस में भिड़ंत गई। हादसे में नकहा बसंत की ओर से आ रही स्कूली बस के चालक राम गोपाल वर्मा (55), परिचालक नितिन (45) व चीनी मिल से आ रही बस के चालक मुकेश कुमार (50) को चोटें आईं हैं। इसके अलावा अनमोल (12), आरबी पाठक (10), लक्ष्य प्रताप सिंह (11), रुद्र (9), मानवी साहू (14), रुपाली (11), प्रतिभा (12) भी घायल हुए हैं। जिन्हें कस्बे के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां छात्रों का उपचार कर उन्हें घर भेज दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक ने बताया कि हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं लगी है। चौकी प्रभारी आलोक कुमार राय से रिपोर्ट मांगी है। बस संचालन की जांच की जाएगी। हादसे के बाद घर लौटे छात्र रू सड़क हादसे से सहमें सभी छात्रों ने स्कूल जाने से मना कर दिया और घर लौट गए। चोटहिल छात्रों को सरकारी एंबुलेंस से इलाज के बाद घर भेजा गया। कुछ बच्चों को अभिभावक स्वयं अपने साथ लेकर चले गए।

# डॉक्टरों ने बांह पर काली पट्टी बांध मरीजों को देखा



**संवाददाता–महराजगंज।** कोलकाता मेडिकल कॉलेज में रेप के बाद महिला डॉक्टर की नृसंस हत्या के विरोध में महराजगंज के डॉक्टर भी उतर गए हैं। शुक्रवार को डॉक्टरों ने काली पट्टी बांध कर ओपीडी में मरीजों को देखा। पीएमएस संघ के आह्वान पर जिला अस्पताल और महिला अस्पताल के अलावा सीएचसी–पीएचसी पर डॉक्टरों ने हाथ पर काली पट्टी बांध कर ओपीडी में मरीजों को परामर्श दिया। डॉक्टरों का कहना था कि यदि मामले में शामिल दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो संघ के आह्वान पर वृहद आंदोलन किया जाएगा।

# घर के दरवाजे पर पहुंचते ही लड़खड़ाने लगा मार्निंग वाक से लौटा सिपाही, मौत

**संवाददाता–महराजगंज।** शुक्रवार को यूपी पुलिस के एक सिपाही विनोद कुमार के साथ जो कुछ हुआ उसे देख हर कोई हैरान रह गया। बृजमनगंज थाने में तैनात ये सिपाही सुबह आठ बजे के करीब रेलवे स्टेशन की ओर से मॉर्निंग वॉक पर गए थे। उन्होंने दौड़ भी लगाई और उसके बाद अपने आवास पर लौटे। घर के दरवाजे पर पहुंचते ही सिपाही लड़खड़ाने लगे और देखते ही देखते वहीं पर गिर गए। सिपाही को गिरते देख आसपास मौजूद लोग दौड़ते हुए वहां पहुंचे। उन्होंने तुरंत थानेदार सत्य्य प्रकाश सिंह को इसका जानकारी दी। साथी पुलिसवालों ने सिपाही को आनन–फानन में बृजमनगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य्य केंद्र (सीएचसी) पर भर्ती कराया। डॉक्टरों ने बताया कि सिपाही को गंभीर रूप से हार्ट अटैक आया है। डॉक्टरों ने सिपाही का इलाज से बचाने की पूरी कोशिश की लेकिन थोड़ी देर बाद उनकी मौत हो गई। थानेदार ने आला अफसरों और परिवार को घटना के बारे में जानकारी दी। अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद मृत हुए सिपाही विनोद कुमार आगरा के रहने वाले थे।

# कोलकाता में रेप हत्या की घटना के विरोध में मेडिकल कॉलेज की ओपीडी ठप




**संवाददाता–देवरिया।** कोलकाता में पीजी की छात्रा के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म और हत्या की घटना के विरोध में शुक्रवार को महर्षि देवराहा बाबा मेडिकल कॉलेज के छात्रों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए ओपीडी बंद करा दी। इसके बाद आक्रोशित छात्र कालेज परिसर में धरने पर बैठ गए। मेडिकल स्टूडेंट्स न्यू ओपीडी बिल्डिंग में पंजीकरण कॉउंटर के सामने एकत्रित हुए। सभी फर्श पर बैठकर हाथों में पोस्टर लेकर प्रदर्शन करने लगे। उनके समर्थन में जूनियर डॉक्टर भी उतर आए। सभी ने बलात्कारियों को फांसी दो, हमें न्याय चाहिए, एक दो तीन चार नहीं चलेगा अत्याचार नारे लगाते रहे। स्टूडेंट थोड़ी देर रुक कर फिर से जोरदार नारे लगाए। सुरक्षा नहीं तो सेव नहीं आज के नारे से मेडिकल कॉलेज परिसर गूंजता रहा। बीच मे छात्रों का समूह ओपीडी कक्षों के सामने घूमकर यह सुनिश्चित करते रहे कि कोई चिकित्सक मरीजों को देख न पाए।

# हाथ में काली पट्टी बांध चिकित्सकों ने जताया विरोध

**संवाददाता–श्रावस्ती।** कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ दरिंदगी के विरोध में देश भर में रेजिडेंट की हड़ताल के समर्थन में अब सरकारी डॉक्टर भी उतर आए हैं। चिकित्सकों ने हाथ में काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। साथ ही आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन के आह्वान पर शुक्रवार को जिला अस्पताल व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों ने विरोध जताया। चिकित्सकों की ओर से हाथ में काली पट्टी बांधकर मरीज देखे गए और अन्य कार्य निपटाए गए। जिला अस्पताल के सभी चिकित्सकों ने शुक्रवार को हाथों में काली पट्टी बांध कर विरोध जताया। सीएचसी मल्हीपुर के अधीक्षक डा अवनीश कुमार तिवारी, डा रविन्द्र कुमार, डाक्टर खुर्शीद अहमद, डाक्टर दिवाकर सिंह, डाक्टर विजय भारत समेत अस्पताल के अन्य स्टाफ ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया।






# तालाब में डूबकर हुई किशोर की मौत

**संवाददाता–श्रावस्ती।** तालाब किनारे खेल रहे एक किशोर का पैर फिसल गया। इससे वह तालाब में गिरकर डूब गया। लोगों की ओर से किशोर को तालाब से बाहर निकाला गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई। इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेमगढ़ा के मजरा बेहनन पुरवा निवासी जाफर अली (14) पुत्र उल्फत अली गुरुवार को दोपहर में गांव के अन्य बच्चों के साथ खेलने गया था। सभी बच्चे पास के ही ग्राम पकड़िहवा तालाब के पास खेल रहे थे। खेलते समय अचानक जाफर का पैर फिसल गया और व तालाब में गिर गया। तालाब पानी में पानी अधिक होने के कारण किशोर पानी में डूबकर लापता हो गया। किशोर को डूबा देख अन्य साथी बच्चे शोर मचाते हुए गांव पहुंचे और परिजनों को घटना की जानकारी दी। घटना की सूचना मिलने पर ग्रामीणों के साथ परिजन तालाब पर पहुंच गय। लोगों ने तालाब में कूदकर तलाश की और जाफर को बाहर निकाला। लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई। लोगों की ओर से घटना की सूचना पुलिस को दी गई। घटनास्थल पर पहुंची थाना इकौना की पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किशोर की मौत से परिजनों में कोहराम मच रहा।

# अनियंत्रित कार माइनर में पलटी, चालक की मौत

**संवाददाता–श्रावस्ती।** कार अनियंत्रित होकर माइनर नहर में पलट गई। इससे कार पानी में डूब गई और शीशा तोड़कर चालक को बाहर निकाला गया। गंभीर हालत में चालक को सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इकौना थाना क्षेत्र के चुनहवा रानीकुंडा निवासी पंडित यादव (28) पुत्र चित्तू यादव दोपहर बाद करीब तीन बजे पयागपुर से कार से अकेले ही घर आ रहा था। मोहनीपुर पयागपुर मार्ग पर स्थिति इकौना थाना के मदारा चौकी के पास पहुंचते ही तेज गति से आ रही कार अनियंत्रित हो गई और माइनर नहर में पलट गई। इससे कार पानी में डूब गई और पंडित यादव उसी में फंस गया। घटना देख मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। लोगों की ओर से घटना की सूचना पुलिस को दी गई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शीशा तोड़कर चालक पंडित यादव को बाहर निकाला। लेकिन उसकी हालत बेहद गंभीर थी। पुलिस की ओर से एम्बुलेंस की मदद से चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इकौना में भर्ती कराया गया।


## कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, नौगढ़, सिद्धार्थनगर।

पत्रांक–ख०शि०अ०/प्रे०वि०/ 225–231/2024–25 दिनांकः– 14 अगस्त 2024

### प्रेस विज्ञप्ति

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सिद्धार्थनगर के प्रत्रांक–एस०एस०ए० निमार्ण/3275–77/2024–25 दिनांक 06 अगस्त 2024 के द्वारा विकास खण्ड–में जनपद के कुल 35 विद्यालयों में अवस्थित जर्जर भवन का मूल्यांकन जनपद स्तरीय मूल्यांकन समिति से प्राप्त जिलाधिकारी महोदय के अनुमोदन दिनांक 03.08.2024 के अनुपालन में विकास खण्ड–नौगढ़ के विद्यालयों क्रमश–1. प्रा०वि० पलिया टेकधर (प्रा०वि०–मूलभवन) (न्यूनगत दर 22263.10 रू0) 2. कम्पोजिट उ०प्रा०वि०–नौगढ़ (उ०प्रा०वि०–मूलभवन) (न्यूनतम दर 57726.10 रु०) 3. प्रा०वि०– नौगढ़ (प्रा०वि०–मूलभवन) (न्यूनमत दर 38951.00 रु०) का नियमानुसार विज्ञापन करते हुए नीलामी/ध्वस्तीकरण की कार्यवाही एक सप्ताह में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया है के क्रम में उक्त विद्यालयों का नीलामी दिनांक–20.08.2024 को अपराह्न 02:00 बजे स्थान कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, नौगढ़, सिद्धार्थनगर में होना सुनिश्चित है। नीलामी प्रक्रिया में बोली लगाने के इच्छुक व्यक्ति/संस्था निर्धारित मूल्य का 25 प्रतिशत नगद रूप में नीलामी समिति के पास जमा करके नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकते है। अधिकतम बोली लगाने वाले व्यक्ति संस्था भवन नीलामी के लिए अधिकृत होंगे। शेष सभी व्यक्ति/संस्था को उनके द्वारा जमा धनराशि उसी दिन वापस कर दी जायेगी।

(धर्मेन्द्र कुमार पाल)
खण्ड शिक्षा अधिकारी
नौगढ़, सिद्धार्थनगर।



## मंडलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्र उ. प्र.
## खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड जनपद -बस्ती

पत्रांकः– 118–20/ म.ग्रा. प्रशि. के. बस्ती / नि0 /को0 /2024–25 दिनांक 14.08.2024

### अल्पकालीन निविदा/कोटेशन विज्ञप्ति

मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र, बस्ती द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 जनपद सिद्धार्थनगर में जनपद/तहसील स्तर पर आयोजित होने वाले 10 दिवसीय विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत प्रशिक्षण से सम्बन्धित प्रशिक्षण में प्रशिक्षाणार्थियों हेतु चाय /नाश्ता/डिनर एंव प्रशिक्षण से सम्बन्धित अन्य सामानों जैसे स्टेशनरी /साहित्य, प्रशिक्षण व्यवस्था, कच्चा माल, फोटो एवं विडियोग्राफी तथा असेसमेन्ट व विविध व्यय हेतु अलग–अलग मोहर बन्द तकनीकी एंव वित्तीय निविदायें/कोटेशन आमन्त्रित किये जाते हैं।

**नियम एवं शर्तें**

1. उपरोक्त कार्यों का विस्तृत विवरण निविदा/कोटेशन फार्म पर अंकित हैं, जो कार्यालय से कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते हैं।
2. अनुभवी व्यक्ति पंजीकृत (GST, INCOME TAX PAID) फर्मो से ही तकनीकी/वित्तीय बिड आमंत्रित की जाती है।
3. निविदायें/कोटेशन दिनाक 22.08.2024 को 12:00 बजे तक तकनीकी एंव वित्तीय बिड अलग–अलग लिफाफे में डाली जायेंगी, तथा उसी दिन अपरान्ह 01:00 बजे समिति के समक्ष खोली जायेगी।
4. निविदायें/कोटेशन को बिना कारण बतायें निरस्त करने का पूर्ण अधिकार प्राचार्य का होगा।
5. निर्धारित चिन्हांकित निविदा/फार्म धनराशि रू० 500.00 का नगद भुगतान कर कार्यालय मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र, बस्ती से प्राप्त किये जा सकते हैं।
6. प्रत्येक निविदा के लिए अलग–अलग फार्म मान्य होगा।
7. पंजीकृत अनुभवी फर्मों को ही वरियता दी जायेगी।
8. चाय/नाश्ता/लन्च/डिनर हेतु रू0 10,000.00 (रू० दस हजार मात्र) व अन्य हेतु रू० 5,000.00 (रू० पांच हजार गात्र) ही जमानत के रूप में FDR-"U.P KHADI & VILLAGE INDUSTRIES BOARD-BASTI" के नाम जमा करना होगा।
9. खानपान एवं सामानों की गुणवत्ता सही नही पाये जाने पर टेन्डर/कोटेशन प्राचार्य द्वारा कभी भी निरस्त कर दिया जायेगा।

(एम0 जेड0 खान)
प्राचार्य
मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र बस्ती












































# सिद्धार्थनगर व संतकबीर नगर जिले के जिलाधिकारियों ने निरस्त किए अविश्वास प्रस्ताव

**संवाददाता–सिद्धार्थनगर/संतकबीरनगर।** सिद्धार्थनगर और संतकबीरनगर के डीएम ने अपने–अपने जनपद में ब्लॉक प्रमुख के विरुद्ध प्राप्त अविश्वास प्रस्ताव को निरस्त कर दिया है। सिद्धार्थनगर में नौगढ़ की ब्लॉक प्रमुख रेनू मिश्रा और संतकबीरनगर में सेमरियावां के ब्लॉक प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आया था। दोनों ही अविश्वास प्रस्ताव उप्र क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत अधिनियम 1961 की धारा 15 के तहत अस्वीकार कर दिए गए थे।

संतकबीरनगर में डीएम को प्रस्तुत अविश्वास प्रस्ताव को स्वीकार कराने के संबंध में हाजरा खातून समेत तीन अन्य क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने उच्च न्यायालय में एक रिट दाखिल की थी। मंगलवार को सुनवाई के बाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अंजनी कुमार मिश्रा और जयंत बनर्जी की बेंच ने इसे जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में खारिज कर दिया है।

दरअसल, दोनों अविश्वास प्रस्ताव के प्रारुप को देखकर अंदाज लगाया जा सकता है कि ये ऐसे ही सामने नहीं आया। सिद्धार्थनगर में क्षेत्र पंचायत सदस्य नौगढ़ प्रियंका सिंह की ओर से उप्र क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत अधिनियम 1961 का धारा 15 के तहत ब्लॉक प्रमुख रेनू मिश्रा के खिलाफ खुद और 54 सदस्यों का शपथ पत्र युक्त अविश्वास प्रस्ताव का प्रत्यावेदन दिया गया था। इसके खिलाफ क्षेत्र पंचायत सदस्य राजेश श्रीवास्तव ने अगले दिन ही शपथ पत्र देकर बताया कि अविश्वास प्रस्ताव में उनकी ओर से कोई शपथ पत्र नहीं दिया गया है। इसके अलावा नौगढ़ ब्लॉक प्रमुख ने भी सात जिला पंचायत सदस्यों से नोटरी शपथपत्र दाखिल कर बताया कि इन सातों सदस्यों की तरफ से भी कोई अविश्वास प्रस्ताव पर सहमति या शपथ पत्र नहीं दिया गया था। डीएम ने जिला शासकीय अधिवक्ता को जांच सौंपी। इसमें सामने आया कि कुछ सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव के नोटिस पर हस्ताक्षर तो किया, लेकिन इस संबंध में किसी तरह का कोई शपथ पत्र नहीं दिया गया। इसके अलावा कई सदस्यों के शपथ पत्र पर उनके हस्ताक्षर नहीं थे। वहीं, शपथ पत्र के संबंध में नोटरी अधिवक्ता के रजिस्टर में सदस्यों के अंगूठे के निशान भी नहीं पाए गए। इसके अलावा अन्य बिंदुओं के आधार पर डीएम की तरफ से प्रियंका सिंह व 54 अन्य की ओर से दिए गए अविश्वास प्रस्ताव को कूटरचित व छलपूर्वक तैयार किया माना गया। इसी आधार पर डीएम ने अविश्वास प्रस्ताव के प्रत्यावेदन को अस्वीकार कर दिया था।

संतकबीरनगर में क्षेत्र पंचायत सदस्य संगीता देवी, मनीष कुमार, बदरुन्निशा व हाजरा खातून की तरफ से डीएम के पास ब्लॉक प्रमुख सेमरियावां के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का प्रत्यावेदन दिया गया। सूत्रों ने बताया कि इस अविश्वास प्रस्ताव पर सिर्फ चार सदस्यों के हस्ताक्षर थे। बाकी सबने अलग–अलग हस्ताक्षर किए थे। जबकि, नियम के अनुसार अविश्वास प्रस्ताव के लिए संख्या बल कुल सदस्यों का आधा होना जरूरी है। इसके अलावा अविश्वास प्रस्ताव देते समय इनमें से किसी एक सदस्य को डीएम के सामने पेश होकर सभी के संयुक्त हस्ताक्षर वाले प्रत्यावेदन को देना होता है, लेकिन सेमरियावां ब्लॉक प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को डाक द्वारा कार्यालय में उपलब्ध कराया गया। ऐसे में 27 जुलाई को इस अविश्वास प्रस्ताव के प्रत्यावेदन के मामले में डीएम की तरफ से कोई कार्यवाही नहीं की गई थी। इसके खिलाफ चारों सदस्य उच्च न्यायालय चले गए थे। न्यायालय की तरफ से डीएम के अस्वीकार किए गए फैसले को सही ठहराते हुए रिट को खारिज कर दिया गया। यह भी जानकारी में आया है कि एक तरफ ब्लॉक प्रमुख के विरुद्ध 91 शपथ पत्र आये हैं तो पक्ष में 75 शपथ पत्र आए हैं, जिनमें से 47 ना केवल कॉमन हैं, बल्कि हस्ताक्षर भी मेल नहीं खा रहे हैं। जिलाधिकारी अलग से इसकी जांच करा रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि जिले स्तर पर आए विकास के रुपयों पर गलत मंशा रखे लोगों की नजर है। लगभग सभी ब्लॉक पर वर्तमान में 15वें वित्त के तहत शासन की तरफ से करोड़ों रुपये आए हैं। इसमें इन दोनों ब्लॉक में भी मोटी रकम है। सूत्रों ने दावा किया कि विकास की जगह इन ब्लाकों पर गलत नीयत के साथ अविश्वास प्रस्ताव लाने का खेल चल रहा है। सिद्धार्थनगर में तो केस तक दर्ज हो गया। मंशा है कि पुराने ब्लॉक प्रमुखों की जगह अपने चहेते ब्लॉक प्रमुखों को वहां स्थापित कर दिया जाए।




# पनियाला पर जारी हुआ डाक टिकट



**संवाददाता–गोरखपुर।** पूर्वांचल के कुछ चुनिंदा जिलों में पाया जाता है औषधीय गुणों से भरपूर फल गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। डाक विभाग द्वारा शुक्रवार को पूर्वांचल में पाये जाने वाले फल पनियाला को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए डाक टिकट जारी किया गया। मुख्य डाकघर में आयोजित कार्यक्रम में पोस्टमास्टर जनरल ने बताया कि इस दौरान स्पर्श योजना के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार की धनराशि और प्रमाण पत्र का वितरण भी किया गया। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों को डाकघर का भ्रमण भी कराया गया। फिलैटली के विषय में वर्कशॉप आयोजित कर जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त फिलैटली क्विज का भी आयोजन किया गया। पीएमजी के बताया कि त्यौहारों और विशेष अवसरों के दौरान सद्भावना और समृद्धि के संकेत के रूप में पनियाला का अक्सर आदान–प्रदान किया जाता है।

पनियाला की विशिष्टता और सांस्कृतिक महत्त्व को देखते हुए बीते वर्ष 29 जनवरी इसे भौगोलिक संकेत (जीआई) लेबल प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि औषधीय गुणों से भरपूर पनियाला पूर्वांचल के गोरखपुर, देवरिया, महाराजगंज आदि जिलों में पाया जाता है। स्वाद में यह खट्टा कुछ मीठा और थोड़ा सा कसैला होता है। जामुनी रंग का यह फल स्वाद में खास होने के साथ यह औषधीय गुणों से भरपूर होता है। सूर्य अराधना के पर्व छठ पनियाला 400 से 1000 रुपये किलो तक बिक जाता है। इस दौरान प्रवर डाक अधीक्षक वीके पांडेय, डॉ.विमल मोदी आदि उपस्थित रहे।




# कोलकाता कांड को लेकर और भड़का गुस्सा, जिला-जिला सड़क पर उतरे डाक्टर

**संवाददाता–गोरखपुर।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता मेडिकल कॉलेज की घटना के बाद शुरू हुआ बवाल शांत होता नजर नहीं आ रहा है। ट्रेनी डॉक्ष्टर की रेप के बाद हत्या के मामले में विरोध प्रदर्शन कर रहे डॉक्ष्टरों पर उपद्रवियों के हमले ने रेजिडेंट डॉक्टरों के गुस्से को एक बार फिर भड़का दिया है। यूपी के अलग–अलग जिलों में रेजीडेंट डॉक्ष्टर प्रदर्शन करते नजर आ रहे हैं। शुक्रवार को गोरखपुर एम्स और बीआरडी मेडिकल कॉलेज के रेजीडेंट डॉक्टरों ने पूरी तरह हड़ताल का ऐलान कर दिया। इमरजेंसी सेवाओं को छोड़कर अस्ष्पताल से जुड़ी हर सेवा पर इसका असर पड़ रहा है। रेजिडेंट डॉक्टरों ने इसको लेकर पत्र भी जारी किया है। उनका कहना है कि बुधवार की रात को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में प्रदर्शन कर रहे चिकित्सकों पर उपद्रवियों ने हमला कर दिया। जबकि वहां पुलिस भी मौजूद थी। उपद्रवी वहां घंटों तांडव करते रहे। पुलिस मूक दर्शक बनी रही। इस दौरान उपद्रवियों ने घटनास्थल पर साक्ष्य भी नष्ट कर दिए। यह चिकित्सक समुदाय पर सीधा हमला है। इसका विरोध हर स्ष्तर पर किया जाएगा।

कोलकाता में पीजी की छात्रा के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म और हत्या की घटना के विरोध में शुक्रवार को महर्षि देवराहा बाबा मेडिकल कॉलेज के छात्रों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए ओपीडी बंद करा दी। इसके बाद आक्रोशित छात्र कालेज परिसर में धरने पर बैठ गए। मेडिकल स्टूडेंट्स न्यू ओपीडी बिल्डिंग में पंजीकरण कॉउंटर के सामने एकत्रित हुए। सभी फर्श पर बैठकर हाथों में पोस्टर लेकर प्रदर्शन करने लगे। उनके समर्थन में जूनियर डॉक्टर भी उतर आए। सभी ने बलात्कारियों को फांसी दो, हमें न्याय चाहिए, एक दो तीन चार नहीं चलेगा अत्याचार नारे लगाते रहे। स्टूडेंट थोड़ी देर रुक कर फिर से जोरदार नारे लगाए।







## धूमधाम से मना 78वां स्वतंत्रता दिवस

**संवाददाता–गोरखपुर।** गोला क्षेत्र के सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थाओं, कार्यालयों में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ धूम धाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। तहसील परिसर गोला में उपजिलाधिकारी राजू कुमार व तहसीलदार वृजमोहन शुक्ला ,थाना परिसर में कोतवाल मधुप। नाथ मिश्रा, एमसीए पब्लिक स्कूल सुअरज रज पर प्रबंधक प्रदीप सिंह एवं,सभासद दिनेश सिंह व शिक्षिका रत्ना सिंह,भाजपा कैप कार्यालय पर जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन, मां सरयू इण्डेन गैस गोला पर व्यवस्थापिका कुमारी शुभांगी मिश्रा, अमित फार्मा व जीसीसी पब्लिक स्कूल पर समाजसेवी पंचम जायसवाल, विजय आईटीआई एवं विजय जी होम्योपैथिक कालेज चिकनिया गोला पर प्रबंधक विजय शंकर पांडेय ने झण्डा फहराया।

### अदालती नोटिस

इत्तिलानामा दरख्वास्त हुसूल हुक्म मुशहर मन्सूखी डिसमिसी नालिश
(आर्डर 9 कायदा 9) (2)
अदालत–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) बस्ती जिला–बस्ती
मुतफरिका नम्बर 82/2019
ज्ञानमती आदि
बनाम
दीनानाथ

1. दीनानाथ पुत्र दुबरी ग्राम फुलवरिया बरगाह तप्पा हवेली परगना नगर पूरव तहसील व जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 12–09–2024**

हरगाह मुद्दई मजकुरूसदर ने इस अदालत में दरख्वास्त हुकूम मुशहर मन्सूखी डिसमिसी नालिश नाबुदा हस्ब हिदायत अदालत हाजा बतारीख माह सन ई0 पेश को है।

लिहाजा आपको इत्तिला दी जाती है कि आप इस अदालत में बतारीख 12 माह 09 सन 2024 या असालतन या बजरिये वकील अदालत हाजा या मुख्तार मजाज हस्ब जाप्ता और वाकिफ हाल मुकदमा में हाजिर होकर वजह (अगर कोई हो) जाहिर करें कि नाबुर्दा की दरख्वास्त क्यों न मन्जूर किया जाय।

मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से आज बतारीख 16 माह 09 सन 2024 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

वाद के निपटारे के लिये सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5 व्या0प्र0 संहिता 1908)
वाद संख्या 97/2021
न्यायालय– श्रीमान सिविल जज (जू0डि0)/ बांसी जिला सिद्धार्थनगर
रामचन्द्र
बनाम
श्रीमती सत्यभामा आदि

1. श्रीमती सत्यभामा पत्नी रामजी पाण्डेय साकिन नगवा तप्पा कुदारन परगना बांसी पूरव तहसील बांसी जिला सिद्धार्थनगर 2. सावित्री पत्नी अगस्तमुनि पाण्डेय साकिन सुहई कनपुरवा पो0 सुहई कनपुरवा तप्पा कुदारन परगना बांसी पूरव तहसील बांसी जिला–सिद्धार्थनगर

**तारीख पेशी 30–08–2024**

प्रतिवादी ने आपके विरूद्ध के लिये वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक **30–08–2024** को दिन में 10 बजे वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे अधिवक्ता प्लीडर द्वारा उप संजात हो सकते हैं। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो बात से सम्बंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके न्यायालय में आपके उप संजात के लिये जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के अन्तिम निपटारे के लिये नियत दिन है। इसलिये आपको उस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिये जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि अगर ऊपर बतायी गयी तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह आज तारीख को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायाधीश

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
मूलवाद सं0 480/2024
अदालत–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) महोदय बस्ती जिला–बस्ती
महावल आदि
बनाम
गणेशदत्त आदि

1. गणेशदत्त पुत्र रामकरन साकिन मरहा तप्पा गनेशपुर परगना नगर पूरव पोस्ट कटया तहसील व जिला–बस्ती 2. रामविलास पुत्र गया प्रसाद 3. कुन्ज बिहारी पुत्र रामनाथ 4. अब्दुल कलाम पुत्र हनीफ 5. रामनाथ पुत्र गया प्रसाद सभी निवासीगण ग्राम गोटवा तप्पा गनेशपुर परगना नगर पूरव पोस्ट कटया तहसील व जिला–बस्ती 6. रमेश चौधरी पुत्र जैसराम साकिन रेहरवा तप्पा नवाई परगना नगर पश्चिम तहसील हर्रैया पोस्ट महराजगंज जिला–बस्ती 7. श्याम बाबू पुत्र नर्वदेश्वर प्रसाद मोहल्ला मंगल बाजार तप्पा हवेली परगना बस्ती पूरव पोस्ट पुरानी बस्ती तहसील व जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 18–09–2024**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 18 माह 09 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम




### अदालती नोटिस

सम्मन बनाम कायम मुकाम कानूनी मुद्दाअलेह मुतवफ्फा
(आर्डर 22, कायदा 4)
न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) महोदय खलीलाबाद बस्ती जिला–बस्ती
मूलवाद सं0 52/2008
रामचन्दर आदि
बनाम
भुइला आदि

1/1 राम प्रसाद उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्र स्व0 पियारे 1/2 दीप कुमार उम्र लगभग 22 वर्ष 1/3 सुरज कुमार उम्र लगभग 20 वर्ष 1/4 नीरज कुमार उम्र लगभग 18 वर्ष पुत्रगण स्व0 ओम प्रकाश 1/5 विन्दू देवी उम्र लगभग 40 वर्ष विधवा ओम प्रकाश समस्त निवासीगण मौजा अइलिया तप्पा कुदरहा परगना महुली पश्चिम तहसील व जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 13–09–2024**

हरगाह मुद्दई ने एक नालिश इस अदालत में बतारीख माह सन 20 ई0 बनाम मुद्दाअलेह के रूजू की थी, जो बाद की मौत हरगाह मुद्दई मजकूर ने एक दरख्वास्त इस अदालत में गुजारी है कि आप मुतवफ्फा मजकूर का कायम मुकाम कानूनी वारिस है और चाहता है कि बजाय उसके मुद्दाअलेह बनाये जांय।

लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 13 माह 09 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे इस अदालत में हाजिर होकर मुकदमा मजकूर जबाबदेही कीजिये और अगर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा।

बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
मूलवाद सं0 1253/2018
अदालत–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) महोदय बस्ती जिला–बस्ती
सर्वेश्वर प्रसाद यादव
बनाम
चन्दर गुप्ता आदि

3. तेजपाल सिंह उम्र लगभग 50 साल पुत्र सरदार गुरूबक्श सिंह निवासी बजाज एजेन्सी के सामने गांधीनगर बस्ती तप्पा हवेली परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 07–09–2024**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 07 माह 09 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

**दैनिक भारतीय बस्ती**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस वि0. नया हाल 1–4 A लोहिया काम्पलेक्स जिला पंचायत भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक दिनेश चन्द्र पाण्डेय

प्रबन्ध सम्पादक–**दिनेश सिंह**
संयुक्त सम्पादक–**प्रदीप चन्द्र पाण्डेय**
**अयोध्या–फैजाबाद कार्यालय–**
चतुर्भुजी मंदिर परिसर लक्ष्मण घाट अयोध्या–फैजाबाद
**लखनऊ कार्यालय–**
आशियाना चौराहा, एल.डी.ए. कालोनी, सेक्टर एच. कानपुर रोड लखनऊ।
**गोरखपुर कार्यालय–**
इलाहीबाग गोरखपुर।
मो09450567450 9336715406,
ई.मेलbhartiyabasti@yahoo.com
bhartiyabasti@gmail.com